तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025

12 नेतृत्व विकास, टीम वर्क, संवाद कौशल..



12 25 हेक्टेयर में किया जाएगा ऑयल पाम पौधों का रोपण





## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 18 वर्षीय निखिल आंचला की इलाज के दौरान 18 मार्च को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गई। थाना मोहदापारा रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय से सटी सरगीपाल बायपास सड़क में दोनों ओर किनारे ट्रक खड़े रहने से वाहनों को जाने-आने के लिए जगह नहीं रहती, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसकी सूचना पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम ने कई बार नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की। उसके बाद भी वाहन चालकों एवं मालिकों ध्यान नहीं है। इस बार उड़नदस्ता की ओर से नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एक बार से अधिक जुर्माना होने के बाद भी नो-पार्किंग में वाहन खड़ा रखने वाले वाहनों को जब्त कर कोर्ट भेजा जाएगा। इसके लिए सरगीपाल बायपास, आनंद ढाबा से लालबाग तक, गीदम रोड में उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी और टैक्स बकायादार वाहनों पर सख्ती करेगी। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व विधायक रेखचंद कांग्रेस को जिताने लगा रहे जोर

**जगदलपुर।** पूर्व विधायक एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने शनिवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम से मुलाकात की। राम ने स्वागत कांग्रेस का गमछा पहनाकर किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिये संगठन सबंधी चर्चा की। भेंट के दौरान जैन के साथ बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव विजय सिंह व बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। विधायक ने उन्हें सौंपे गए दायित्व को निभाते हुए कांग्रेस के पक्ष में प्रचार प्रसार कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने जोर लगा रहे है।

### टमाटर 25 रुपए तो फूलगोभी 100 रुपए किलो में बिक रही

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को फुटू 100 रुपए जूड़ी एवं बोड़ा 100 रुपए सोली में बिका है। साथ ही लोकल टमाटर नहीं आने से बैंगलोर के टमाटर रोज 4 ट्रक शहर में पहुंच रहा है, जिसके चलते टमाटर महंगा हो गया है। बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 30-40, अदरक 180, लहसून 250, पालकभाजी 80 एवं धनियापत्ती 200 रुपए किलो में बिक रहा है।

### रैली के माध्यम से बच्चों ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**सुकमा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शुक्रवार को छिंदगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कन्या पोटाकेबिन बालाटिकरा में बालिकाओं को जनसंख्या नियंत्रण एवं बालिकाओं के जन्म, उनका संरक्षण एवं सशक्तिकरण से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना का उद्देश्य, विश्व जनसंख्या दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, लैंगिक समानता, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम साथ ही जिले में चल रहे महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं समस्त योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले के मार्गदर्शन में किया गया।

---

**दबंगई : ग्राम पंचायत सचिव कई बार दे चुका है नोटिस, नहीं किया जा रहा है काम**

# दुर्गूकोंदल जनपद की पूर्व अध्यक्ष ने पुलिया बनाने 16 लाख में लिया था ठेका, 6 माह से बंद है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/दुर्गूकोंदल



दमकसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आमागुहान ठाकुरदई मार्ग पर 16 लाख रूपए की पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ था। ग्राम पंचायत को यह काम करना था और 6 माह पहले पुलिया के लिए गड्ढे खोद दिए गए, परंतु आज तक पुलिया नहीं बन पाई। सचिव की मानें तो इसे पूर्व जनपद अध्यक्ष ने बनाने का ठेका लिया और उनको 7 लाख रुपए भी जारी कर दिया, परंतु कई माह से काम करना बंद कर दिया है।

- सचिव ने बताया कि अध्यक्ष ने कहा था, काम स्वीकृत कराया है, मैं ही करूंगी

जानकारी के अनुसार दुर्गूकोंदल विकासखंड के दमकसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आमागुहान ठाकुरदई मार्ग पर पुलिया बनाने के लिए 16 लाख रूपएं स्वीकृत हुआ था। इस पुलिया की स्वीकृत पंचायत चुनाव के लगभग एक से दो माह पहले मिली थी। तत्कालीन जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की अध्यक्ष ने इस पुलिया की स्वीकृत करवाया था। चुनाव के पहले वोटरों को आकर्षित करने के लिए काम भी शुरू कर दिया गया था, परंतु गड्ढे खोदकर प्लिंथ लेबल तक काम किया गया, उसके बाद काम रूक गया। कई माह से काम रूका हुआ है। पुलिया नहीं बन पाने से आमजन को इस मार्ग में आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायत दमकसा है, परंतु ग्राम पंचायत द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। पुलिया निर्माण कार्य 6 महीने से बंद पड़ा है। पुलिया निर्माण कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन करने के लिए बाधा उत्पन्न हो रही है। पुलिया निर्माण कार्य अधूरा होने के बाद भी जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अधिकारी मानिटिंरिंग नहीं कर रहे हैं। इस कारण 16 लाख रूपये राशि स्वीकृत होने के बाद भी लोगों का कोई काम नहीं आ रहा है। नई टीम का कहना है कि यह पुराने जनप्रतिनिधियों के समय का है, उसके बाद भी अधिकारियों को जल्द पुलिया बनवाने की माँग कर रहे है।

### पूर्व जनपद अध्यक्ष करवा रही काम

दमकसा ग्राम पंचायत के सचिव विषम पटेल से हरिभूमि ने उनके मोबाईल पर संपर्क किया तो उन्होने बताया कि मुझे नहीं मालूम कि यह किस मद से पुलिया स्वीकृत हुआ है। पंचायत चुनाव के पहले पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा था कि इसे मैं स्वीकृत करवाकर लाई हूँ और काम मैं करूंगी। उनको उसी समय 7 लाख रूपएं निकालकर दे दिया था। मैने कई बार जल्द काम करने का नोटिस भी दिया हूँ। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर अधिकारी हम पर दबाव बना रहे हैं।

### पंचायत के नाम पर चल रहा भ्रष्टाचार

ग्राम पंचायत में 20 लाख का काम के लिए बिना निविदा के पंचायत काम कर सकती है। चुने हुए जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत को 20 लाख के आसपास की राशि किसी भी कार्य के लिए स्वीकृत कराकर देते है, उसके बाद वे स्वंय या उनके ठेकेदार काम करते है। इसी के चलते ग्राम पंचायत के सचिव को नहीं मालूम होता है कि यह किस मद की राशि स्वीकृत हुई है, उसका कारण यह होता है कि उसको स्वीकृति कागज मिलता ही नहीं है। ग्राम पंचायत के नाम पर 20 लाख के आसपास दिए जाने वाले काम में इसी तरह का भ्रष्टाचार धड़ल्ले से जिले में चल रहा है।

### सीईओ और पूर्व अध्यक्ष ने काल नहीं किया रिसीव

पुलिया की हकीकत को जानने के लिए जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ सुरेंद्र बंजारे से इस विषय पर बात करने के लिए उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु काँल रिसीव नहीं हुआ। इसके अलावा जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संतो दुग्गा के मोबाईल नंबर पर भी काल किया गया, मोबाईल की घंटी बजती रही और काल रिसीव नहीं हुआ। काँल रिसीव नहीं होने से जिम्मेदारों के द्वारा हकीकत की जानकारी नहीं मिल पाई।

---

# खेती किसानी को लेकर युवक और ग्रामीणों के बीच विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम गहरीनबांधा में पैतृक भूमि पर खेती किसानी करने के लिए गए युवक के साथ दो ग्रामीण विवाद करने लगे। युवक को जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। युवक डर के कारण वापिस अपने घर पहुंचा। घटना की शिकायत पुलिस से किया।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला सिहावा थानांतर्गत ग्राम बांसपानी निवासी 27 वर्षीय विनोद कुमार नेताम पिता श्रीराम नेताम ने पुलिस को बताया कि ग्राम गहरीनबांधा में मेरी दादी, मां दायानों बाई के नाम पर कृषि भूमि है। उक्त भूमि में वर्ष 1999 से मेरे पिता खेती किसानी का काम कर रहे है। उसी जमीन पर 12 जुलाई को धान बोआई करने गया था। सुबह करीबन साढ़े 7 बजे ग्राम गहरीनबांधा के शंकर लाल नेताम और संपत नेताम तथा अन्य लोग आए और शंकर लाल और सपंत दोनों एक राय होकर मुझे गाली देते हुए यहा से भाग जाओ, नहीं तो जान से मार देगें और तुम्हारे ट्रैक्टर को आग लगा देगें। तब हम वहाँ से भागकर वापिस घर आ गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शंकर लाल नेताम और संपत नेताम के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

# जिला मुख्यालय में सब्जी पसरा लगाने पर विवाद और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





डोम में दुकान लगाने जगह को लेकर रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन 13 जुलाई को दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद मारपीट में तब्दील हो गई। हरिभूमि ने पहले ही संबंधित विभाग के संज्ञान में लाया था कि इस तरह का विवाद होता रहता है, परंतु गंभीरता नहीं दिखाए जाने के कारण 13 जुलाई रविवार को मामला मारपीट में तब्दील में हो गया। जानकारी के अनुसार आलू प्याज विक्रेता बरदेभाटा निवासी पन्नु साहू डोम में अपनी दुकान लगा रहा था। सब्जी विक्रेता चारामा निवासी बबलू सोनकर ने सामान हटाने के लिए कहा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गाली शुरू होने से विवाद बढ़ गया। गाली के बाद दोनो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और लाठी डंडे चलने लगे। अन्य लोगों ने दोनों पक्षों को समझाया, लेकिन तब तक एक महिला समेत तीन लोग घायल हो चुके थे। मारपीट हो जाने के कारण मामला सामने आ गया। कोचिया भी गांव से आने वाले किसानों की सब्जी औने पौने दाम में जबरदस्ती खरीदते है और परेशान करते है, यह नजारा बुधवार एवं रविवार को सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक डोम में देखा जा सकता है। कोचिया गांव से आने वाले ग्रामीणों को दुकान भी नहीं लगाने देते है। दुकान लगाने को लेकर 13 जुलाई को कोचिया ही भिड़ गए और विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। नगर पालिका को सब्जी दुकान लगाने वालों को लेकर किसी भी तरह की रणनीति नहीं बनती है, तो यह विवाद कभी भी खूनी संघर्ष में बड़े स्तर पर तब्दील हो सकता है। मारपीट के उपरांत दोनों पक्ष एक दूसरे की शिकायत करने कांकेर थाना पहुंचे। इस घटना में प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पुन्नु साहू, बबलू सोनकर व एक महिला ▶▶ शेष पेज 10 पर

---



# गैस एजेंसी निजी दुकानों से खरीदकर कर दे रही चूल्हा

**पखांजूर।** परलकोट में एजेंसी संचालक द्वारा गरीब हितग्राहियों को गुमराह कर निजी दुकान का चूल्हा बेचा जा रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि पहले भी इस एजेंसी द्वारा इसी प्रकार का कृत्य किया गया। मीडिया के माध्यम से एजेंसी संचालक से पूछा कि कुल कितने उज्ज्वला कनेक्शन देने है, मगर संचालक बोलने के लिए तैयार नहीं है। परलकोट क्षेत्र के मां आमावुदिनी गैस एजेंसी अंतागढ़ के द्वारा मटोली में संचालित दुकान से एक वर्षों से गरीब महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस देने के नाम से घुमाया जा रहा था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद आननफानन में महिला हितग्राहियों को गैस वितरण किया है। दूसरी ओर चूल्हे के नाम पर लूटा जा रहा है। शासन से जो चूल्हा हितग्राहियों को दिया जाना था वो चूल्हा न देकर निजी दुकानों से खरीदी कर 1510 रुपए में हितग्राहियों से लिया जा रहा है। एजेंसी के संचालक गौतम जायसवाल का कहना है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत जो चूल्हा दिया जा रहा है वो ठीक नहीं है कुछ भी दुर्घटना हो ▶▶ शेष पेज 10 पर

---

# करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में फरार सह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पैसा दोगुना करने का लालच देकर डॉक्टर को झांसा देकर कंपनी में पैसा जमा करने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने सरगना के सहायक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

- सरगना की तलाश कर रही पुलिस



ठेलकाबोड़ आरईएस कॉलोनी कांकेर निवासी 26 वर्षीय अपर्णा रामटेके पिता देवेन्द्र रामटेके ने 14 मई को शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि संजय नगर कांकेर के आलीम खान मेरे पापा के क्लीनिक में अपनी पत्नि के इलाज के लिए हमेशा आता जाता था। तब उनकी जान पहचान होने के कारण से वर्ष 2018 के नवम्बर माह से आरोपी ने मेरे पापा को कलकत्ता के किसी कम्पनी में स्वयं को काम करना बताकर जमा राशि का दोगुना रुपए मिलने की बात बोला।करोड़ों रुपए दिलाने की बात बोलकर मेरे पापा को अपने झांसा लिया और पैसा जमा करवाया। मेरे पापा अपने पैसों के बारे में पूछने लगा तो कहता था कि अभी और राशि डालने की जरुरत है। आरोपी द्वारा और भी पैसा जमा करने कि बात कहा तो उसके खाते में हमने पैसा जमा कर दिया। आलीम खान के द्वारा पैसा दोगुना करने का लालच देकर अपने झासे मे लेकर करीबन एक करोड़ रूपएं का धोखाधडी किया। शिकायत पर पुलिस ने थाना कांकेर में अपराध क्र.148/25 धारा-420 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया।

कांकेर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की सघनता से पता साजी किया जा रहा था। मुख्य आरोपी ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कार्रवाई में इनकी रही मुख्य भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत, आरक्षक ओमकार, आरक्षक वयंत सरोज एवं महिला आरक्षक सविता नाग व पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रही।

---

# ट्रक की ठोकर से दो छात्रा समेत महिला हुई घायल

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत माहुद के पास तेज रफ्तार ट्रक ने महिला समेत मोपेड में सवार दो छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक छात्रा की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे रायपुर के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना में शिकायत करने पहुंची मचांदुर निवासी 33 वर्षीय पदमा जैन पति महेंद्र कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि 27 जून को घर से अपनी बेटी रेणु जैन और मेरी जेठ की बेटी तुसिका जैन जो दोनो पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल चारामा में पढ़ाई करते है, जिसे लेने गई थी। अपनी बेटी व जेठ की बेटी दोनो को अपनी गाड़ी में बैठा कर स्कूल से अपने घर ला रही थी। दोपहर 12 बजे के लगभग माहुद पुल के पास पहुँची थी। तभी कांकेर के तरफ आ रही ट्रक वहान क्रमांक एएच 40 सीडी 6490 का चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे वाहन को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी बेटी व जेठ कि बेटी और वह तीनों गाड़ी से जमीन पर गिर गए। गिरने से मेरे हाथ, दाहिने आँख, रेणु जैन को गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गई। मेरी जेठ बेटी को दाहिने पैर में चोट आई। पास के दुकानदारो के द्वारा मेरी बेटी रेणु जैन व हम तीनों को अपनी मोटर सायकल में बैठाकर ईलाज के लिए सीएचसी चारामा में लाकर भर्ती किए। गंभीर चोट होटे के कारण वहां के चिकित्सक ने हायर सेंटर रिफर किया। मेरी बेटी को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किए है, जहां पर वह लगातार आईसीयू रूम में भर्ती थी। स्वास्थ्य में सुधार नही होने के कारण रायपुर के अस्पताल में रिफर किया गया, जहाँ बच्ची के स्थिति को देखते हुए वहां एडमिट नहीं किया गया, जिससे हम ▶▶ शेष पेज 10 पर




---

# दीपनगर गांव के खेतों में नजर आया भालू

**किसानों में दिखी दहशत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कुरेनार के आश्रित ग्राम दीपनगर पीवी 104 में किसान के खेत में मादा भालू के पहुँच जाने से किसानों में दहशत देखने को मिली। किसानों ने एकजुट होकर भालू को महाराष्ट्र सीमावर्ती गुंडाम और भूकंप के जंगलों की ओर खदेड़ा, लेकिन इस घटना के बाद से किसान खेतों में जाने से घबरा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यह घटना 13 जुलाई की सुबह करीबन 6 बजें के आसपास की है, जब किसान नीताई सरदार अपने खेत की ओर जा रहे थे, तब अचानक उनकी नजर एक मादा भालू पर पड़ी, जो भोजन की तलाश में खेतों की ओर बढ़ रहा था। भालू को देखकर किसान घबरा गया और उन्होंने पास ही मौजूद अन्य किसानों को आवाज लगाई। इसके अलावा गांव के अन्य किसानों को मोबाइल के माध्यम से जानकारी दिया। गाँव में खबर फैलते ही देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने मिलकर भालू को महाराष्ट्र से सटे गुंडाम और भूकंप के सघन जंगलों की तरफ खदेड़ दिया। किसान नीताई सरदार ने बताया कि उनके पास वन विभाग के कर्मचारियों का नंबर नहीं होने के कारण वे तुरंत विभाग को जानकारी नहीं दे पाए। यह खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। इस समय खेती-बाड़ी का कार्य जोर-शोर से चल रहा है, किसान खेतों में जाने से अब हिचकिचाएंगे।

### विभाग से गश्त बढ़ाने की मांग

किसानों ने बताया कि वन विभाग की टीम या कोई उच्च अधिकारी कोरेनार क्षेत्र में नहीं पहुंचे थे, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई करने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग किया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके और किसानों को सुरक्षा मिल सके।

---

**सड़क और आंगनबाड़ी भवन के लिए लंबे समय से कर रहे संघर्ष**

# चिंगनार के ग्रामीणों ने सांसद और विधायक को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़



चिंगनार के ग्रामीण सड़क और आंगनबाड़ी भवन को लेकर बेहद परेशान है, इसके लिए लंबे समय से ग्रामीण संघर्ष कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिविरों में आवेदन दिया, परंतु सुध नहीं लिया गया। सांसद और विधायक को इन समस्याओं के निराकरण को लेकर गुहार लगाया है, वहीं सांसद एवं विधायक ने बजट में जुड़वाने का आश्वासन दिया है।

- मिल रहा आश्वासन

विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत आमागांव के आश्रित ग्राम चिंगनार के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत आमागांव से चिंगनार तक रोजगार गारंटी योजना के तहत कच्ची सड़क का निर्माण किया गया है, जो बारिश के दिनों में कीचड़ होने से लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चिंगनार से चिपोंडी तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाए। चिंगनार में प्रसिद्ध देव इष्टदेव आदिकाल से स्थापित है और उनके परिवार महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा राज्यों से आते है, किंतु रास्ता खराब होने के कारण आने वाले नाराजगी जताते है। इसके लिए कई बार आवेदन निवेदन कर चुके है, लेकिन हमारा समस्या का समाधान नहीं हुआ है और सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि नवीन आंगनबाड़ी भवन की जरूरत है, पुराने की हालत जर्जर हो गई है। सांसद एवं विधायक से मिलने और आवेदन देने के लिए गांव के ग्राम पटेल नोहर सिंह मरकाम,गायता महेंद्र सिंह मरकाम, पूर्व सरपंच कुंवर सिंह ध्रुव, वार्डपंच रामनाथ मरकाम, सोनू, सहदेव, बरीत ध्रुव और समस्त ग्रामवासी शामिल थे।

### गांव आने का दिया आश्वासन

ग्रामीणों ने बताया कि विधायक विक्रम उसेंडी को इस बारे में अवगत कराया तो उन्होने कहा कि मैं जल्द आपके गांव आमागांव आऊंगा और आपकी जो समस्या है, उनको बजट में जुड़वाकर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण किया जाएगा। सांसद भोजराज नाग को बताया, उन्होने आश्वासन दिया कि जल्द समस्या का निदान होगा।

**खबर संक्षेप**



### मंत्री रामविचार से महापौर ने कृषि समस्याओं पर चर्चा की

**धमतरी।** धमतरी आगमन पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने जिले की जमीनी हालात खासकर कृषि क्षेत्र की समस्याओं और संभावनाओं को लेकर मंत्री से चर्चा की।

### डबल इंजन की सरकार में छग की जनता गरीबी रेखा के नीचे : नवीन



**धमतरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर क्रमांक 2 के नवीन गजेंद्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ की आबादी में से 39.93 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। यह खुलासा नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में हुआ है। इस आंकड़े के साथ छत्तीसगढ़ देशभर में गरीबी के मामले में सबसे शीर्ष पर है, जो राज्य की भाजपा सरकार की विफलताओं का जीवंत प्रमाण है। नीति आयोग की इस रिपोर्ट ने छत्तीसगढ़ की बदहाल स्थिति को उजागर किया है, जहां गरीबी का स्तर न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह भी साबित करता है कि शासन की नीतियां और योजनाएं जनता तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छग की स्थिति देश में सबसे खराब होना शर्मनाक है। महाराष्ट्र, उप्र जैसे बड़े राज्य जो जनसंख्या और भू-भाग में छग से कहीं बड़े हैं, उनकी स्थिति हमसे बेहतर है।

### शिक्षक साझा मंच करेगा 18 को जिला कार्यालय का घेराव




**धमतरी।** शिक्षक साझा मंच के संचालक डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, अमित कुमार महोबे, दिनेश कुमार पांडे एवं दौलतराम ध्रुव ने बताया कि शिक्षकों की युक्तियुक्तिकरण प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी, मगरलोड, नगरी एवं कुरुद द्वारा की गई विभिन्न त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए संभाग आयुक्त रायपुर से शिकायत कर जांच की मांग की थी। इस पर संभाग आयुक्त द्वारा 16 जून को कलेक्टर को तीन दिवस के अंदर जांच कर समुचित कार्यवाही करने पत्र जारी किया गया किंतु आजपर्यंत किसी भी दोषी अधिकारी पर कार्रवाई न हुई। लिखित में दी गई समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। युक्तियुक्तिकरण से प्रभावित शिक्षक न्यायालय से आदेश लाये हैं, उसका भी निराकरण नहीं किया गया है। मंच ने आगे कहा कि तीनों विषय का निराकरण एक सप्ताह के अंदर न होने पर 18 जुलाई को जिला कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

मरम्मत के नाम पर खर्च हुए लाखों रुपये, मगर स्कूलों की हालत जस की तस

# छात्रों के सिर पर टपकती छत, दीवारों में दरार शिक्षा नहीं जर्जरता का पाठ पढ़ा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शिक्षा कर मंदिर अब जर्जर दीवारों और टपकती छतों के बीच संघर्ष का केंद्र बन चुका हैं। नगरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक कन्या शिक्षा परिसर दुगली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर दुगली की हालत ऐसी है, मानो वर्षों से इन्हें देखना प्रशासन ने छोड़ दिया हो। लगातार बारिश से स्कूलों की छतें टपक रही हैं, दीवारें दरक रही हैं और छतों से प्लास्टर गिर रहा है। स्कूल भवनों की यह स्थिति न केवल बच्चों की पढ़ाई में बाधक है, बल्कि एक दिन कोई बड़ा हादसा हो जाए, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।





यहां पहली से लेकर बारहवीं तक की कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित हो रही हैं। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने बताया कि छत से पानी टपकता है, किताबें और कॉपियां भीग जाती हैं, वहीं खिड़कियां गिर चुकी हैं और प्लास्टर भी टूटकर सिर पर गिरने की आशंका बनी रहती है। आखिर हम पढ़ाई करें या खुद को बचाएं।

#### दिखावे की मरम्मत

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पूर्णिमा सोम बताती हैं कि मरम्मत की मांग को लेकर बीते वर्षों में कई बार विभाग को पत्र लिखा गया। पिछली बार जो मामूली राशि मरम्मत के नाम पर मिली थी, उससे कुछ वर्गों में सतही काम कर खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन वास्तविक समस्या जस की तस बनी रही। अब लगातार हो रही बारिश ने भवन की कमजोरी को और उजागर कर दिया है।

#### शासन को जानकारी, अनहोनी का इंतजार

शाला विकास समिति के अध्यक्ष आशाराम वट्टी ने बताया कि शासन-प्रशासन को आवेदन के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है। सुशासन तिहार शिविर में भी पूरी रिपोर्ट मरम्मत की मांग सौंपी थी। विभाग के अफसरों को फोन, पत्र और प्रत्यक्ष रूप से जानकारी दी गई, फिर भी आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्या शासन किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जागेगा।

#### करोड़ों रुपये का मरम्मत बजट, लेकिन धरातल पर स्थिति 'ढहती हुई'

यह सबसे हैरानी की बात है कि जिले में हर वर्ष स्कूल मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। कागजों में स्कूलों की रंगाई-पुताई, प्लास्टरिंग, छत की मरम्मत और क्लासरूम की साज-सज्जा हो चुकी होती है, लेकिन जमीनी सच्चाई इतनी भयावह है कि छात्र-छात्राएं हर रोज जान जोखिम में डालकर कक्षाएं अटेंड कर रहे हैं। प्रश्न उठता है कि यदि करोड़ों रुपये मरम्मत में खर्च हो रहे हैं, तो फिर ये जर्जर दीवारें और टपकती छतें किसकी जवाबदेही हैं?

#### जमीनी हकीकत में दम घुट रहा है

जहां एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने की बात करती है, डिजिटल क्लास और स्मार्ट स्कूलों के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर दुगली जैसे विद्यालयों में छात्राओं को गीली जमीन पर बैठकर, सिर पर प्लास्टिक की थैली रखकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

#### क्या यही है नई शिक्षा नीति की असल तस्वीर

छात्रों ने प्रशासन से निवेदन नहीं, सख्त सवाल किया है कि आखिर बच्चों की जान को दांव पर लगाकर किस विकास की बात की जा रही है? मरम्मत के नाम पर खर्च की गई राशि की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से ये हालत बनी, उन्हें उत्तरदायी ठहराया जाए। वरना वह दिन दूर नहीं जब किसी मासूम छात्र का खून प्रशासन की इस चुप्पी पर सवाल बनकर उभरेगा।

### गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर मनाई गुरु पूर्णिमा

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। सरस्वती माता की आरती कर पुष्प वर्षा की गई। इस पर्व में बच्चों ने सभी गुरुजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालय में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राजपुर में कबड्डी 27 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नव युवक कबड्डी दल के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय 13001 रूपये, तृतीय 6001 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में डोमन यादव, हरिशंकर, तेजेश्वर कंवर, पंकज सिन्हा जुटे हैं।

## मितानिन दीदियों को मिली दवाई पेटी

- अपने जन्मदिन पर नपं अध्यक्ष ने तीन माह के मानदेय से बांटी पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

लोग अपने जन्मदिन को अलग-अलग अंदाज में मनाते हैं। कोई केक काटकर तो कोई मिठाई बांटकर। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की पहचान सेवक के रूप में है। उन्होंने अपना जन्मदिन मितानिन दीदियों के साथ मनाया। हर वार्ड में लोगों की स्वास्थ्य की सेवा में लगी मितानिन दीदियों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन पर दवाई पेटी प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया। दवाई पेटी प्राप्त कर रही मितानिन दीदियों के चेहरे पर दिख रही मुस्कान ने बता दिया कि वे नगर पंचायत अध्यक्ष के इस उपहार से कितने खुश थे। अब मितानिन दीदियों को बरसात और ठंड के दिनों में लोगों की जरूरत की दवाइयों को सुरक्षित रखने की समस्या नहीं आएगी। अपने तीन माह के मानदेय का हिस्सा प्रदान कर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा दिये गए उपहार को मितानिनों ने अमूल्य बताया और सहर्षता से अपने सेवा कार्य में जुट गई।



अपने जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया जब मितानिन दीदियों का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हर वार्ड के लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा यही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा है। उन्होंने कहा कि जनता का सेवक बनकर कार्य करना ही उनका मकसद है। लोगों की छोटी से छोटी समस्याओं के प्रति सजगता से वे और उनके सभी पार्षद कार्य कर रहे हैं। नगर विकास के बड़े कार्यों के लिए उनका निरंतर प्रयास जारी है लेकिन छोटी छोटी समस्याओं का निराकरण त्वरित करने में पूरी नगर पंचायत की टीम जुटी हुई है।

कार्यक्रम में विकास बोहरा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, विनीत कोठारी, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, जयंती टुकेश्वरी साहू, डागेश्वरी साहू, आसकरण पटेल, हरीश साहू, भाजपा मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, हिमांशु कोसरे उपस्थित थे।

## गुरु को याद करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य के निर्देशन एवं एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्राओं दामिनी, सानिया, लक्ष्मी एवं मोनिका ने गुरु महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने गुरु को कुम्हार और शिष्य को घड़ा बताते हुए कहा कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को विभिन्न आकार में बदलकर उसे उपयोगी स्वरूप देता है, ठीक उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को ज्ञान से अलंकृत करके उसे सार्थक स्वरूप प्रदान करता है। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू एवं हरिश्चंद्र पटेल ने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना असंभव है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने गुरु के महत्व को दोहे के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लिनिमा वैष्णव कक्षा बारहवीं ने किया।



## मेडिकल रिलीफ फंड से किया आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा मेडिकल रिलीफ फंड से पंजीकृत सदस्य भुनेश्वर साहू शिक्षक माशा कन्हारपुरी के लंबे समय से अस्वस्थ होने पर तीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। वहीं सीताराम साहू शिक्षक माशाला तर्रागोंदी के आश्रित की अस्वस्थता के कारण पंद्रह हजार रूपए का सहयोग दिया गया। इस अवसर पर कुलेश्वर सिन्हा बीआरसीसी कुरूद, संयुक्त शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मेडिकल रिलीफ फंड के अध्यक्ष पुरूषोतम निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष मनीषदेव वर्मा, मिथिलेश कंवर, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, पारस कुमार यादव, उपाध्यक्ष हरीश निर्मलकर, चैन सिंह साहू, रोमन रात्रे, हेमलाल साहू, योगेंद्र चंद्राकर, डिगेंद्र कंवर, सतीश कुमार, साहू, योगेंद्र पटेल, छत्रसेन साहू, भेसज साहू, भावना द्विवेदी, पारेश्वरी साहू, ऊषा साहू, चमेली कंवर आदि शिक्षक उपस्थित थे।



## अभाविप के स्थापना दिवस पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मगरलोड द्वारा संगठन के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 12 जुलाई को नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए भारत माता के जयकारों से गूंज उठी। जगह-जगह पर नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति का परिचय देते हुए भारतमाता के प्रति सम्मान और संगठन की प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाया।




इस आयोजन में नगर अध्यक्ष उमाशंकर साहू, नगर सहमंत्री भूपेंद्र चेलक, विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, विभाग संयोजक अभिषेक पांडे, जिला संयोजक गजेन्द्र जांगड़े, हितेश लहरे, जय साहू, कमलेश सेन, नेपाल साहू, उमेश्वर साहू, चेस्ट कुमार, भूमिका साहू, कुणाल सोनी, वासुदेव साहू, ख़ूबचंद साहू कुलेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।

## आमाचानी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम आमाचानी की शासकीय प्राथमिक शाला में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सभी बच्चों का गुलाल वंदन के साथ स्वागत किया। मुंह मीठा कराया। अतिथियों एवं पालकों ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक लीलूदास मानिकपुरी, ग्रामीण कोषाध्यक्ष हीरासिंग सेन, उपसरपंच यागेश्वर कंवर, चम्मन लाल साहू, गौकरण साहू, चित्रसेन साहू, खेमंत साहू, राधेश्याम साहू सहित प्रधानपाठक श्रीमती खेलन ध्रुव, शिक्षक नरेंद्र कुमार सहारे, चुम्मन लाल ध्रुव सहित अनेक पालकगण उपस्थित थे। लीलूदास मानिकपुरी ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

## विद्यार्थियों ने लिया पौधरोपण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदर्श विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पीपल का पौधा रोपा गया। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि अपने-अपने गांव के चौक चौराहों और तालाब के किनारे पौधे लगायेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एम खान ने कहा कि यह पौधा हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा। वायु का शुद्ध होना सभी के जीवन के लिए लाभकारी है। आगे कहा कि माता-पिता, गुरु से ही ज्ञान मिलता है।



मौके पर राजेश पटेल, मोईन जाफर, जीवन नाहटा, छाया साहू, आरती नायक, ऐश्वर्या साहू, हेमलता साहू, काजल देवांगन, पूर्णिमा, प्रीति विश्वकर्मा, तनवीर फातमा, लीना साहू, खेमेश्वरी साहू, आरती चंदेल, गरिमा साहू, कीर्ति कश्यप, पूर्णिमा निर्मलकर उपस्थित थे।

आरईओ ने किसानों को औषधि पौधे लगाने के लिए किया प्रोत्साहित

# नवागांव की लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से संबल बनाने के उद्देश्य से बीज अनुदान योजना के तहत महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को निःशुल्क दलहन-तिलहन बीज का मिनीकिट उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नवागांव की लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया।




शनिवार को ग्राम पंचायत नवागांव (उ) में सरपंच टिकेश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री निशा ध्रुव द्वारा लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया। इस दौरान सरपंच श्री साहू ने कहा कि दालों के मामले में आत्मनिर्भर होने की ठान चुकी सरकार खरीफ सीजन के लिए अपनी व्यापक तैयारियों को अंजाम दे रही है। दलहनी फसल की पैदावार और उसकी उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति के तहत किसानों को उन्नत प्रजाति के बीजों का वितरण कर रही है।

उन्होंने कहा कि खेती में चूंकि महिलाओं की समान भागीदारी रहती है इसलिए सरकार ने महिला स्व सहायता से जुड़ी लखपति दीदियों पर भरोसा कर उन्हें दलहनी फसलो की उपज लेने प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आजीविका के अलावा कृषि से भी आमदनी प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। आरईओ सुश्री ध्रुव ने किसानों को फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, नेशनल मिशन अन्न एडिबल ऑयल जानकारी देकर औषधि पौधे लगाने प्रोत्साहित किया।

## पेज 09 के शेष ...

### जिला मुख्यालय में...

के सिर में चोटें आई है। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### गैस एजेंसी द्वारा...

सकता है, जिसकी जवाबदेही आप खुद रहोगे। एजेंसी द्वारा प्रधानमंत्री का बदनाम किया जा रहा है और साथ ही हितग्राहियों पर दबाव बनाते हुए अधिक दर पर चूल्हा बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस एजेंसी के पास लगभग 200 से ऊपर उज्वला गैस कनेक्शन देने है। मगर एजेंसी द्वारा ये बोला गया है कि अब तक 34 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन दिया गया है और करीबन 40 कनेक्शन देना है। दुकान संचालक ने कहा कि चूल्हा के लिए ऑर्डर दिया गया है मगर अब तक नहीं आया है।

### करोड़ों की धोखाधड़ी...

अपने साथी डिलक्स मरकाम को राशि ट्रांसपर किया था, जो सह आरोपी बना। मुखबीर से पुलिस को जानकारी मिला कि आरोपी डीलक्स मरकाम अपने निवास ग्राम चिपरेल में है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी डीलक्स मरकाम को अभिरक्षा में लिया। आरोपी द्वारा ऑनलाईन ट्रांजेक्शन में उपयोग किए गए मोबाइल को जब्त किया गया है। आरोपी कोण्डागांव जिला के केशकाल थानांतर्गत चिपरेल निवासी 35 वर्षीय डीलक्स मरकाम पिता राज्जू मरकाम को 13 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### ट्रक की ठोकर...

आनन-फानन में अपने बच्ची को एम्स हॉस्पिटल रायपुर में एडमिट कराया, जहा पर उसकी लगातार 10-12 दिन इलाज चला और डॉक्टारों द्वारा बताया गया कि इनकी ब्रेन में गहरी चोट आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक एमएच 40 सीडी 6490 के चालक के खिलाफ धारा 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सी मार्ट में भर्राशाही, कांग्रेस सरकार में गलत लोगों को मिला फायदा : बाफना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस शासनकाल के दरम्यान स्व सहायता समूह की महिलाओं व अन्य पारंपरिक और कुटीर उद्योगों से जुड़े लोगों को स्वरोजगार देने की बात कहकर हर जिले में सी मार्ट खोले गये । जिसके लिए कॉग्रेस सरकार ने जनता के टैक्स के करोड़ों रूपए खर्च कर दिये। लेकिन कॉग्रेस शासनकाल की तमाम योजनाएं पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त रहीं, जिसका खामियाजा कॉग्रेस को केवल 5 वर्ष में ही सत्ता से बाहर होकर भुगतना पड़ा । उसी कॉग्रेस सरकार की सी मार्ट योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के मामले अब निकलकर आ रहे हैं। एक ऐसे ही मामले को लेकर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शिकायती पत्र लिखकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि कॉग्रेस सरकार की सी मार्ट योजना में नियमानुसार उत्पाद किसी बड़े दुकानदार से नहीं बल्कि स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को खरीदने का नियम निर्धारित किया गया था किन्तु इस योजना के शुरूआती दौर में ही सभी नियमों को किनारे कर बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में स्थानीय महिलाओं को सी मार्ट आंबटित न कर रायपुर व दूसरे बड़े शहरों के लोगों को सी मार्ट शोरूम आंबटित किये गये और उन्हीं संचालकों ने मोटी कमाई करने के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों के उत्पाद बेचने शुरू कर दिये। सरकार के इस कृत्य से यह बात जाहिर हो गई कि कॉग्रेस शासनकाल में महिलाओं, पिछड़ों के लिए शुरू की गई योजनाएं केवल कॉग्रेस के लिए भ्रष्टाचार का मुख्य स्त्रोत थी। यही कारण है कि कॉग्रेस सरकार की सी मार्ट योजना से धरातल पर महिलाओं को किसी भी तरह का लाभ प्राप्त नहीं हुआ। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद भ्रष्टाचार से पोषित कॉग्रेस की योजनाओं पर पूर्ण विराम लगाना पड़ा।

## पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की

### फर्जी तरीके से अभी भी संचालित हो रही

बाफना ने बताया कि सी मार्ट योजना सुकमा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में महिला स्व सहायता समूह के नाम पर फर्जी तरीके से अभी भी संचालित की जा रही है वहीं अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बावजूद सुकमा प्रशासन के कुछ अधिकारी आवासीय विद्यालयों में खाद्य व दैनिक उपयोग की सामग्री की खरीदी के लिए आश्रम व छात्रावास अधीक्षकों पर अनुचित दबाव डालकर उन्हें विवश कर रहे हैं । भले ही सामग्री गुणवत्ताहीन व बाजार मूल्य से अधिक दर पर ही क्यों न हो। इसके अलावा सुकमा स्थित सी मार्ट के संचालन के लिए डीएमएफ मद से 15 लाख रूपए की अग्रिम राशि स्वीकृत की गई व सीएसआर मद से सी मार्ट संचालिका को 45 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन व सरकारी आवास उपलब्ध करवाया गया जो कि नियमों के दायरे में ही नहीं है।

### जांच कर लोगों को दी जाए उनका हक

पूर्व विधायक ने तथ्यों का हवाला देकर पूर्ववर्ती कॉग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ की गई सी मार्ट योजना को पूर्णरूप से दिशाविहिन व भ्रष्टाचार में लिप्त बताया है और जिसकी जांच कर स्व सहायता समूह की महिलाओं व अन्य को उनका हक दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग की है।

### टैक्स की सरकार को चपत लगाई गई



सुकमा जिले में स्थित आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन व स्कूलों में खाद्य व अन्य सामग्री फर्जी जीएसटी बिल लगाकर करोड़ों रूपए की सप्लाई कर लाखों रूपए के टैक्स की सरकार को चपत लगाई गई। जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। सुकमा के जिस शासकीय भवन में सी मार्ट संचालित किया गया वहां 5 लाख रुपए से अधिक बिजली बिल व 20 से 25 लाख रूपए भवन किराये का भुगतान आज पर्यन्त नहीं किया गया। दंतेवाड़ा में भी संचालित सी मार्ट में जगदलपुर के एक व्यापारी द्वारा दंतेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को सी मार्ट के माध्यम से 9 अक्टूबर 2023 को 34 लाख 25 हजार रुपए का तेल व घी सप्लाई किया गया था जिसका भुगतान भी दंतेवाड़ा सी मार्ट द्वारा व्यापारी को आज तक नही किया गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा मंदिर में योग शिक्षिकाओं का सम्मान



**जगदलपुर।** गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन में महिला पतंजलि योग समिति बस्तर द्वारा दुर्गा मंदिर,शांति नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर गुरुजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योग शिक्षिकाओं एवं सहयोग शिक्षिकाओं का सम्मान कर गुरु परंपरा का आदर किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं ध्यान सत्र से हुई, जिसके पश्चात यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।
इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनकोरम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य, महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ ने की। उनके साथ प्रमुख रूप से पद्मावती बिश्नोई, अंजली मिश्रा एवं कुसुम पांडे उपस्थित रहीं और कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। इस अवसर पर सम्मानित योग शिक्षिकाओं में शामिल थीं,राधा ठाकुर,प्रतिमा दास,भारती साहू,गीता नेगी,सुधा प्रसाद, रमुला मांडवी,भारती ठाकुर वहीं सहयोग शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

### पीएम आवास योजना बनी इंद्रे के लिए वरदान



**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अब समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के दूरस्थ अंदरुनी क्षेत्रों में भी पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल रहा है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत दुब्बाटोटा के एक असहाय वृद्ध इंद्रे की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जहां शासन की तीन योजनाओं ने एक साथ उनकी जिंदगी को आसान और सुविधाजनक बना दिया है। दुब्बाटोटा निवासी पीएम आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही इंद्रे बताती हैं कि मैं अकेले रहती हूं और काम करने के लिए सही ढंग से मेरा हाथ पांव नहीं चलता है। इसलिए मैं कोई रोजी मजदूरी भी नहीं कर पाती। मेरा कोई परिजन भी नहीं है। पहले मैं कच्चे घर में रहती थी।

## ट्रक टिप्पर का चालक शराब नशे में होने से की सख्त कार्रवाई

# शराबी वाहन चालकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



### होगी कार्रवाई

यातायात पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक संतोष जैन ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने, ब्लैक फिल्म लगे शीशे, ओवर स्पीड में वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्ती की जाएगी।

यातायात पुलिस की ओर से शराब पीकर वाहन चलाने, ब्लैक फिल्म लगे शीशे, ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसमें रविवार को ट्रक टिप्पर का चालक शराब नशे में वाहन चला रहा था, जिससे यातायात पुलिस ने चालक को पकड़ा और कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सड़क दुर्घटना के रोकथाम और बचाव हेतु संपूर्ण बस्तर जिला में शराब पीकर वाहन चलाने, ब्लैक फिल्म लगे शीशे, ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों पर शक्ति से प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। इसी के मद्देनजर एक टीपर चालक ने खतरनाक तरीके से शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर कार्यवाही की गई है। 13 जुलाई की दोपहर 13.45 बजे ट्रक टिप्पर क्रमांक सीजी 17 केटी 4573 का चालक तेज रफ्तार एवं लहराते हुए खतरनाक तरीके से शराब के नशे में वाहन चलाते राष्ट्रीय राजमार्ग 63 केशलूर चौक तरफ से जगदलपुर की ओर आ रहा था। जिससे दुर्घटना होने की पूर्ण संभावना बन रही थी, इसे देखकर उक्त मार्ग में पेट्रोलिंग कर रहे यातायात से एएसआई यतेंद्र देवांगन एवं उनके टीम द्वारा रोकने का प्रयास किए। चालक द्वारा वाहन न रोकते हुए उसे ओर तेज भगाने लगा, पुलिस कंट्रोल के माध्यम से यातायात के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 63 पेट्रोलिंग को भी रोकने हेतु निर्देश दिया गया। इस पर यातायात से दोनों पेट्रोलिंग पार्टी के सहयोग से तेलीमारेंगा रेल्वे फाटक के पास सूझ-बूझ से रोका गया। टिप्पर चालक महादेव यादव निवासी सरगीपाल का ब्रिथनलाइजर से जांचा गया। अत्याधिक मात्रा में शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने से चालक के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 185, 184,132, के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# दी साइलेंट थ्रेड उपन्यास का हुआ विमोचन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नगर के साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब स्थानीय बस्तर आर्ट गैलेरी में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में स्थानीय लेखक दीपक थावानी के पहले अंग्रेजी उपन्यास दी साइलेंट थ्रेड का भव्य विमोचन और लोकार्पण विशिष्ट अतिथियों अंग्रेजी भाषा की विदुषी और पूर्व शिक्षिका नलिनी सिंह, शिक्षाविद डॉ. सुषमा झा और संस्कृतिकर्मी विपिन दीवान के कर-कमलों से हुआ। यह उपन्यास आज के युवा मन की उलझनों, पारिवारिक दबावों और आत्म-खोज की यात्रा को भावनात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत करता है। एक युवा अर्जुन की कहानी है, जो पारंपरिक विचारों के माता-पिता के दबाव और अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की उत्कंठा के बीच संघर्ष करता है। उपन्यास में पीढ़ीगत मानसिकता, पारिवारिक नियंत्रण, भावनात्मक उपेक्षा और कर्तव्य बनाम स्वतंत्रता जैसे जटिल विषयों को बड़े ही संवेदनशील और सच्चे रूप में छुआ गया है। लेखक दीपक ने बताया कि इस उपन्यास का कथानक कल्पना और यथार्थ से उपजा है, और इसके पीछे की भावनाएँ कई वास्तविक अनुभवों और समाज में प्रचलित परिस्थितियों से प्रेरित हैं। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि उन्हें लेखन की प्रेरणा मुंशी प्रेमचंद, अज्ञेय, और अंग्रेजी साहित्यकारों जैसे मिच एल्बम, मरजान कमाली, और खालिद हुसैनी से मिली है। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजनों, साहित्य प्रेमियों हिमांशु शेखर झा, जगदीश चंद्र दास, मदन आचार्य, उर्मिला आचार्य, खुदेजा खान कादंबरी संस्था के सदस्य मीडिया प्रतिनिधि, लेखक के मित्रगण एवं परिजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### मंदिरो के आसपास कहीं भी गंदगी और कचरा नहीं होना चाहिए : पाण्डेय



**जगदलपुर।** श्रावण मास के प्रारंभ होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ अधिक होती है। कल सावन मास का प्रथम सोमवार है। महापौर संजय पाण्डे ने महादेव घाट स्थित शंकर मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। पार्षद निर्मल पानीग्राही तथा लक्ष्मण झा के साथ मंदिर के आसपास सफाई के निर्देश सफाई दरोगा को दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी महापौर ने निर्देश दिए। महापौर ने सफाई कर्मचारियों से कहा मंदिरों के आसपास किसी प्रकार की गंदगी ना हो। कचरे का ढेर मंदिर के पास ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। सावन मास को देखते हुए शहर के सभी मंदिरों, शिवालयों और देवालयों के आसपास की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# पंजाब भवन में करेंगे कार्यकर्ताओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक व सह प्रभारी मुकेश अहलावत संगठन विस्तार की शुरूवात बस्तर के पावन धरा से करेंगे। वे कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे ने जारी बयान में यह जानकारी दी है। दोनों नेता पंजाब भवन में कार्यकतार्ओं की बैठक लेंगे। सोमवार को दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस में मिडिया के साथ चर्चा करेंगे। उसके बाद पंजाब भवन में 2 बजे से 5 बजे तक कार्यकर्ताओ के साथ संवाद करेंगे।

- आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का बस्तर आगमन आज

इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन मंत्री जसवीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश महा प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी, प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी प्रकोष्ठ मेहर सिंह वटटी, प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लु राम भवानी, संगठन मंत्री समीर खान व महिला नेत्री व प्रदेश सचिव तरुणा साबे सम्मिलित होंगे।

### बंदियों को मिला मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण



**सुकमा।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को जिला जेल सुकमा में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पुरुष कैदियों को आत्महत्या के रोकथाम की ट्रेनिंग व मार्गदर्शन सुविधा उपलब्ध कराया गया। सीएमएचओ डॉ. रामकेश्वर सिंह के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण तेली के मार्गदर्शन में डीएमएचपी टीम साइकियाट्रिक सोशल वर्कर रीना नायडू व कम्युनिटी नर्स योगेश सिन्हा के द्वारा 327 कैदियों को आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में जेल प्रभारी राजेश कुमार बिसेन ने भी बंदियों को संबोधित किया और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने की समझाइश दी।

# मोतीलाल नेहरू वार्ड में बांटी गयी मेडिकेटेड मच्छरदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। मोतीलाल नेहरू वार्ड में शनिवार व रविवार को पत्रकार भवन परिसर में दो दिवसीय शिविर लगा कर वार्ड वासियों को मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरित की गयी और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में पूर्व नगर मण्डल महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर सजग व संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में स्वस्थ परिवार, स्वस्थ प्रदेश के लक्ष्य को लेकर ही मच्छरदानी वितरण का बड़ा कार्य पूर्णता पा रहा है। पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वार्ड में सर्वप्रथम गर्भवती व शिशुवत महिलाओं एवं बुजुर्गों को प्राथमिकता में मच्छरदानी वितरित की जा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों व मितानीन बहनों का सहयोग सराहनीय है। भाजपा पूर्वी जगदलपुर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने संबोधन में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक रहने कहा।

शिविर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विद्या शरण तिवारी, शशिनाथ पाठक, विक्रम सिंह यादव, अजय शंकर त्रिवेदी, रोहित त्रिवेदी, अतुल कौशल, योगेश पाणिग्रही, स्वास्थ्य विभाग कर्मियों में एएनएम रजनी मालगांवकर, एमपीडब्ल्यू शैलेन्द्र सिंह, रीता वर्मा, चितेश्वरी मौर्य, मितानीन बहन रमा प्रभु, राजेश्वरी निर्मलकर,रेखा पाढ़ी मौजूद रहे।

## महिला स्व सहायता समूह के दीदियों से शिल्प उत्पादन और व्यापार पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने शनिवार को बस्तर विकासखंड के परचनपाल में सिसल शिल्प कला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर, गुनपुर में बेल मेटल शिल्प कला के स्व सहायता समूह से मुलाकात, छोटेआमाबाल में मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद और मत्स्य विभाग के मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सिसल शिल्प से जुड़े और बेल मेटल का कार्य से जुड़े महिला स्व-सहायता समूह के दीदियों से शिल्प उत्पादन और व्यापार की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। छोटे आमाबाल मे नरेगा योजना से निर्मित डब्ल्यूएटी एवं अप्रारम्भ आवास हितग्राहियो से मिल कर आवास एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया । इसके अलावा ग्राम पंचायत रतेंगा मे बालक आश्रम का निरिक्षण कर आश्रम में बच्चों को दी जा रही शिक्षा सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

- कलेक्टर ने सिसल शिल्प और बेल मेटल कार्य का लिया जायजा

## महिलाएं समाज में बेहतर राष्ट्र के निर्माण में सहयोग दें : लाइबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



इनरव्हील क्लब विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष में महिलाओ को स्किल डेवलपमेंट में सक्षम बनाने के उद्देश्य से पार्टी मेकअप एवं ग्रूमिंग की वर्कशॉप आयोजित करेगा।

- इनरव्हील क्लब पार्टी मेकअप एवं ग्रूमिंग की वर्कशॉप आयोजित करेगा

इस वर्कशॉप में शहर को प्रसिद्ध ब्यूटिशियन पूजा भाटिया द्वारा महिलाओ को पार्टी मेकअप एवं ग्रूमिंग की सम्पूर्ण जानकारी और लाइव मेकअप मॉडल पर डेमो दिया जायेगा।

क्लब की सचिव प्रीती आजाद ने बताया कि वर्कशॉप 22 जुलाई को शाम 4 बजे से 6 बजे तक होटल अविनाश इंटरनेशनल में आयोजित किया जायेगा । जिसमे इनरव्हील क्लब द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन दिया जायेगा ।

क्लब की अध्यक्ष लाईबा चामड़िया ने बताया इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य महिलाओ में स्वरोजगार और कौशल विकास से सशक्तिकरण प्रदान करना है ताकि महिलाये भी समाज में अपना योगदान देकर एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग दे सके।

## एलआईसी अभिकर्ता विनोद साहू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**कोण्डागांव।** कोंडागांव भारतीय जीवन बीमा निगम के कोंडागांव निवासी अभिकर्ता विनोद साहू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह उपाधि उन्हें फरीदाबाद में मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी के अधलित मैजिक बुक्स ऑफ रिकॉर्ड फरीदाबाद के सौजन्य से प्रदान की गई। विनोद साहू पिछले 25 वर्षोंसे भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए, वह पिछले दो वर्षों से संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित मध्य क्षेत्र में पॉलिसी मानदों पर प्रथम स्थान बनाए हुए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा और बचत के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री साहू पिछले 10 वर्षों से लगातार एमडीआरटी अमेरिका की सदस्यता प्राप्त कर रहे हैं, और इस वर्ष भी वह अपने ब्रांच के प्रथम एमडीआरटी अभिकर्ता बने हैं।

# ग्रामीणों को बताए गए अंधविश्वास और कर्मकांडों से बाहर निकलने के मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पाहुरबेल और बाघमोहलई मे संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से संचालित ज्ञान गंगा पुस्तक प्रचार अभियान हुआ । जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं न भागीदारी निभाई।

- बस्तर और बकावंड ब्लाक के गांव में पहुंचा संत महाराज के ज्ञान का प्रकाश

इस अभियान का उद्देश्य केवल पुस्तक वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को अज्ञानता, अंधविश्वास और कर्मकांडों से निकालकर शास्त्रसम्मत भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित करना है। संत के अनुयायियों ने ग्रामीणों को समझाया कि कैसे श्रीमद्भगवद्गीता, वेद, पुराण तथा अन्य धार्मिक ग्रंथों के आधार पर मोक्ष का सत्य मार्ग उजागर किया है।

शिष्यों ने घर-घर जाकर ज्ञान गंगा पुस्तकों का निःशुल्क वितरण कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं शास्त्र-सम्मत ज्ञान से लोगों को अवगत कराया। यह अभियान नशा, जातिवाद, भेदभाव और महिलाओं के प्रति असम्मान जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी करारा प्रहार करता है और समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करता है।

ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते कहा कि इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियां समाज को जागरूक और संगठित बनाने में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। विशेष रूप से युवाओं ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### लोकार्पण से पहले ही निर्माण में खामियां, नजर आ रहीं बड़ी-बड़ी दरारें

**घाटलोहंगा।** बस्तर जिले में नवनिर्मित 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक छात्रावास का लोकार्पण होने से पहले ही उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण में गंभीर अनियमितताए पाईं। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें देख विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने तत्काल सहायक आयुक्त को फोन कर ठेकेदार, इंजीनियर और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य को लेकर असंतोष जाहिर किया उन्होंने निर्माण एजेंसी को भुगतान जारी करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। विधायक ने छात्रावास के प्रत्येक कक्ष में स्वयं जाकर दीवारों की हालत देखी। छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया कि पूरी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाए। साथ ही उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द सभी दरारों की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

### पत्रकारों पर जानलेवा हमला एक की मौत, दो हुए घायल

**कोंटा।** पड़ोसी राज्य ओडिशा के मोटू थाना क्षेत्र में एक पत्रकार समूह पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक पत्रकार की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम के यह घटना है। मलकानगिरी जिले के अंतर्गत मोटू थाना क्षेत्र के मुरलीगुड़ा गाँव के पास हुए इस हमले में पत्रकार सी.एच.नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेहतर उपचार के लिए जिला हॉस्पिटल मलकानगिरी के लिए रिफर किया गया था, इस दौरान पत्रकार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नरेश के साथ अन्य पत्रकार व स्थानीय निवासी के साथ कुल पांच लोग एक कार में सवार थे। हमलावर दो मोटरसाइकिल पर थे। किन्ही कारणवश पत्रकारों के साथ अनबन हुई।

## आयोजन : छात्र परिषद् का चुनाव, पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

# नेतृत्व विकास, टीम वर्क, संवाद कौशल और समर्पण की भावना होगी प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए मतदान प्रणाली द्वारा छात्र परिषद चुनाव का आयोजन स्थानीय जेपी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। चुनाव का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास और उन्हें जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्रदान करना था। और चुनाव के दिन छात्रों ने बड़े ही उत्साह से मतदान किया। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीय रखा गया। सीसीए विभाग और शिक्षकगणों की देखरेख में मतगणना किया गया। मतगणना के पश्चात परिणामों की घोषणा कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने पूरी टीम को बेहतर कार्य करने की शपथ भी दिलाई।

■ जेपी स्कूल को सैनिक स्कूल का दर्जा मिलना बस्तर के लिए गर्व की बात : कौशल

मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष कौशल सिन्हा ने कहा कि स्कूल सीखने की पहली सीढ़ी है, जहां से बच्चे अपने भविष्य के तैयार होते है। जेपी स्कूल को सैनिक स्कूल का दर्जा प्राप्त होना पूरे बस्तर के लिए बड़े ही गर्व की बात है। यह समारोह न केवल छात्रों में नेतृत्व की भावना जागृत करता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर भी करता है। प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि छात्र परिषद का उद्देश्य केवल अनुशासन बनाए रखना या कार्यक्रमों का संचालन करना नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व में विकास, टीम वर्क, संवाद कौशल और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना है। अतिथियों को स्मृति चिन्ह, साल एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम पर एक-एक पेड़ प्रदान कर सम्मानित किया। संस्था संचालक शंकर गिदवानी, शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार, प्रधान अध्यापिका इस्मित जस्साल ने छात्र परिषद के सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी।



### अनुशासन एवं खेल विभाग के पदाधिकारी

अनुशासन सचिव विद्यालय में कुशाग्र वट्टी, अथर्व सिन्हा, यशवी कुंजाम, देवांशांश तिवारी, अरुल नाग, यशवंत सिंह, जस्टिना मांड़वी, फाल्गुनी साहू और छात्रावास में शिरीष तिवारी, उचिता साहू, विनय कुमार शोरी, वंशिका भुवरिया, खेल कप्तान विद्यालय में पीयूष सोरी, महिमा कोडोपी, उत्कर्ष मांड़वी, निहारिका तारम को जिम्मेदारी मिली। ग्रीन रेंजर्स विद्यालय में एकता साहू, अक्षत राय, आदित्य जैन, साक्षी साहू को जिम्मेदारी मिली।

### छात्रावास की गतिविधियों के पदाधिकारी

ग्रीन रेंजर्स तेजस्वी नेताम, चिराग मरकाम, मैस सचिव में गुंजन वर्मा, शिवम सिन्हा रोशनी खान, छात्रावास कप्तान दानवीर सिंह और मौसमी कोडोपी, छात्रावास उपकप्तान में रुस्तम नेताम एवं सुष्मिता मरकाम, इवनिंग क्लास कप्तान अद्रिका अग्रवाल, जीत कुमार सरकार, आकांक्षा नेताम, खेल गतविधि के कप्तान ध्रुव मिस्त्री, तेजमणी कोर्राम, खेल उप कप्तान लक्ष्य मंडावी, निवेदिता मरकाम, लक्ष्य नेताम, तान्या मरकाम को जिम्मेदारी मिली।

### हरक्यूलस सदन यानी रेड हाउस

*सदन प्रमुख की जिम्मेदारी प्रजल मंडावी, विभूति कुर्रे, प्रतीक मेहर, निहारिका नायक और सदन उप प्रमुख की जिम्मेदारी अक्षत कौशिक, लक्ष्य दुग्गे, ऋषभ कोर्राम और श्रेया साहू को मिली।*

### पर्शियस सदन यानी येलो हाउस

*सदन प्रमुख की जिम्मेदारी पावकी पांडेय, एलीना भगत, जैसन वर्गीज, टारकेश मरकाम और सदन उप प्रमुख की जिम्मेदारी आरोही लोहानी, पोषण मरकाम, गीतांजलि गोठी और आशीष विश्वकर्मा को मिली।*

### सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पदाधिकारी

*साहित्य सचिव की जिम्मेदारी आरुषि गोस्वामी, मेहल रॉय, पिहू जैसवाल, जतिन किरी, सांस्कृतिक सचिव विद्यालय में दिव्यांशी पांडेय, प्रियांशु कुंवर और छात्रावास में दिव्यांशु साहू, आदित्य रतीश, स्वच्छता सचिव की जिम्मेदारी विद्यालय में अवनी सेन, सजल महेश्वरी, ऋषि खटवानी, आदिश सेन, आदर्श पुनम, तानिया टेकाम, सुदीप शोरी, हिनाल कौर और छात्रावास में अनुष्का गावड़े, खुशी भारती, देवेश विज, मयंक कश्यप को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अंग्रेजी संवाददाता प्रिंसी साहू, दिव्यांशी गोठी, आर्या शुक्ला, सौम्या शर्मा और हिंदी संवाददाता की जिम्मेदारी अक्षत दुबे, आस्था मिश्रा, पिहू खपर्डे, धरन सिन्हा को जिम्मेदारी मिली।*

### अतिथि सत्कार पदाधिकारी

*अतिथि सत्कार सचिव विद्यालय में लावण्या शोरी, निधि शोरी, आंचल जायसवाल, कशिश नेताम, केशव राव, अर्नव ठाकुर, गर्व बुडवानी, मेहेक मेशराम और छात्रावास में ओजस्वी नाग, दिशा पुरी गोस्वामी, देव कुमार सेठिया, गर्वित पद्माकर*

### आयुष व तनीषा बने शाला नायक

नवनिर्वाचित छात्र परिषद में सीनियर शाला नायक आयुष कतलाम, उपशाला नायक आदर्श पोटई, शाला नायिका तनीषा मरकाम, उपशाला नायिका भूमिका विश्वकर्मा, जूनियर शाला नायक यश कुमार राय, उपशाला नायक रक्षित कुमार, शाला नायिका अंजलि दुबे, उपशाला नायिका पीहू सोनी का चयन मतदान प्रणाली द्वारा किया गया।

### जोडियक सदन यानी ब्लू हाउस

सदन प्रमुख की जिम्मेदारी भावना नेताम, धरन सिन्हा, संस्कृति सक्सेना, तनय उसेंडी और सदन उप प्रमुख की जिम्मेदारी नव्या खटवानी, शेख अमीन, धालिनी साहू और रघुवेन्द्र दर्रो को मिली।

### ओरियन सदन यानी ग्रीन हाउस

सदन प्रमुख की जिम्मेदारी जागृत कुंजाम, अनुष्का देवांगन, अयांश बघेल, अनुश्री नरेंद्र तायड़े और सदन उप प्रमुख की जिम्मेदारी प्रयश गजपाल, जिज्ञासा मरकाम, आभिग्या पांडेय और नंदिनी नाग को मिली।

## विज्ञान की गतिविधियों पर व्याख्यान वैज्ञानिक परिचर्चा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब बड़ेमूरमा ने छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर का स्थापना दिवस मनाया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल तथा जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शनिवार को विद्यालय में विविध विज्ञान गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें विज्ञान विषयक परिचर्चा, मॉडल प्रदर्शनी, प्रयोग प्रदर्शन, विज्ञान क्विज, विचार-वाचन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थीं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सहभागी बने।

## आत्मानंद विद्यालय पटौद में छात्रसंघ का हुआ गठन



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में छात्र संघ का गठन किया गया, जिसमें चुनाव प्रक्रिया को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया संपादित कर छात्र संघ का चुनाव कराया गया, जिसमें शाला नायक पद के तीन उम्मीदवार में से टीकम मरापी विजयी रहे। उपशाला नायक सुष्मिता निषाद अपने प्रतिद्वंदी से मात्र तीन मतों से विजयी रही। सचिव पद के लिए मोहन पैंकरा एवं सह सचिव पद पर निखिल मंडावी विजयी रहे। समझते हुए शालानायक व अन्य पदाधिकारी का चुनाव किया गया। नामांकन से लेकर मतगणना तक की संपूर्ण प्रक्रिया में समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्रों ने इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतंत्र को नजदीक से समझने का प्रयास किया। परिणामों की घोषणा के पश्चात प्राचार्य डीएस निषाद द्वारा विजेता पदाधिकारियो को बधाई दी और साथ ही पीटीआई भूषण शर्मा के मार्गदर्शन पर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेजेस पटौद का प्रतिनिधित्व करने वाले विजेता छात्र समीर पटेल एवं शेफाली जैन को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। कृष्णा करायत आरोह के दिशा निर्देश में पीठासीन अधिकारी एलके भूसाखरे, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एचआर मंडावी, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 वंदना पटेल, मतदान अधिकारी क्रमांक 3 रेखा मानिकपुरी व समस्त कक्षा शिक्षक बीएलओ का कार्य किया। वासुदेव पैंकरा, श्रद्धा पवन सेन, विनय कुमार गजभिए व गौरव मिरानी मतगणना अधिकारी के रूप में कार्य किया।

## 25 हेक्टेयर में किया जाएगा ऑयल पाम पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में 25 हेक्टेयर में आइल पाम में उद्यानिकी विभाग को 3075 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। भारत सरकार द्वारा अंबा ऑयल कंपनी आंध्रप्रदेश के साथ आइल पाम पौधा लगाने का एमयू किया गया है। उद्यान अधीक्षक संदीप सोरी द्वारा क्षेत्र के किसानों को ऑयल पाम के बारे में एवं अनुदान सब्सिडी के बारे में जानकारी दी जा रही है। क्षेत्र में कई किसानों को इसके बारे में जानकारी नहीं है वह पहुंचकर इस पौधे से लाभ की जानकारी दे रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक के वीके गौतम एवं उद्यान अधीक्षक संदीप सोरी ने बताया है कि उद्यानिकी विभाग दुर्गुकोंदल के किसानों के जमीन पर पौधारोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में 25 हेक्टेयर में कुल 3075 पौधा रोपण किया जाना है, जिसमें विकासखंड के ग्राम मरामपानी, खुटगांव, डांगरा, तरहुल, गोटुलमुंडा व कोडरूज के किसानों के साथ ऑयल पाम पौधा लगाने का कार्य प्रारंभ है।

जिसमें अब तक कुल 1845 पौधा लगा चुके हैं। क्षेत्र के किसानों के यहां पौधे लगाने के काम शुरू हो गया है। शासन के द्वारा ही पौधे लगाए जा रहे हैं। 3 साल में लाभ मिलने लगेगा और ऑयल पाम के पौधे से किसानों को 3 साल में लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। पौधों में खजूर की तरह फल लगेंगे और यह फल साढे.18 रुपए किलो में किसानों से कंपनी खरीदी करेगी। इस योजना के तहत नलकूप खनन और पंप भी किसानों की जमीन पर मुफ्त में लगाए जाएंगे, जिस जमीन पर आइल पाम के पौधे लगाए जा रहे हैं। वहां नलकूप खनन के लिए 50 हजार केंद्र सरकार व 25 हजार रुपए राज्य सरकार देगी। पंप के लिए 27 हजार केंद्र सरकार व 16 हजार राज्य सरकार किसानों को अनुदान देगी। प्रति हेक्टेयर में तार फेंसिंग के लिए राज्य सरकार 54 हजार 400 रुपए देगी एवं 9/9 में पौधा रोकने के साथ-साथ किसानों को बची हुई बीच की खाली जमीन पर राम तिल की खेती भी करवाई जाएगी। इसके लिए भी भारत सरकार से अनुबंध कंपनी के द्वारा किया गया है। राम तिल की खेती के लिए कृषि विभाग के अधिकारी और उद्यानिकी विभाग की दोनों विभाग काम करेंगे।



■ उद्यानिकी विभाग 3075 पौधे लगाएगा

## शाला खुलने के 15 मिनट पहले शिक्षक उपस्थिति देंगे, छात्र- छात्राएं के सुरक्षित जाने के बाद जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/तोकापाल

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में इस सत्र में एसएमडीसी की बैठक रखी गई। इस बैठक में एसएमडीसी के अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद अध्यक्ष एवं एसएमडीसी सदस्य रामवती भंडारी, सदस्य एवं सरपंच एरंडवाल विश्वनाथ बघेल, सदस्य चंद्रकांत भंडारी, सदस्य संदीप सिंह ठाकुर,सदस्य वंदना ध्रुव,प्राचार्य एवं सचिव विधु शेखर झा,उप प्राचार्य इरम रहीम उपस्थित थे। बैठक में पिछले सत्र में पालकों की मांग के आधार पर संस्था में कैंटीन रखी गई थी, इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। पहली से आठवीं तक के बच्चे मध्यान्ह भोजन करेंगे। शेष बच्चे अपने साथ टिफिन लाएंगे। मध्यान्ह भोजन के समय बाहर का गेट बंद रखा जाएगा। कोई बच्चे बाहर न जाएं इसकी निगरानी संस्था करेगी। शाला खुलने के 15 मिनट पहले सभी शिक्षक अपनी उपस्थिति देंगे। बच्चों के सुरक्षित जाने के बाद ही शिक्षक प्रस्थान करेंगे। फर्नीचर एवं रिक्त शिक्षक और कर्मचारियों की कमी को देखते हुए एसएमडीसी फर्नीचर की व्यवस्था करने का प्रयास करेगी।

■ पहली से आठवीं तक के बच्चे मध्यान्ह भोजन करेंगे शेष बच्चे अपने साथ टिफिन लाएंगे



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस बैठक में संस्था की ओर से स्नेहा श्रीवास्तव, स्वाति लवंग, राजीव सिंह, अर्पणा सिंह, सरिता यादव,सोनाक्षी मजूमदार,श्रीदेवी सिंह,नीलम भास्कर, लता जोशी, प्रीति साइमन,काजल यादव,पंकज प्रभाकर मूर्ति,नम्रता नाग, नीता शुक्ला, रूमा निकहत,ज्योत्सना कश्यप, तनय घोष, मानसी बघेल, महेश सोनी, लेसिना देवांगन,जयदेव बघेल की प्रमुख भूमिका थी।

## वन भूमि पर अतिक्रमण कर जोताई करते ट्रैक्टर जब्त

**जगदलपुर।** बस्तर वनमण्डल के परिक्षेत्र बस्तर उप परिक्षेत्र गोडियापाल अंतर्गत वन क्षेत्रों में अतिक्रमण, अवैध कटाई, अवैध उत्तखनन की रोकथाम में वन अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं। इस पर वन कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा भ्रमण किए जाने के दौरान शनिवार को संरक्षित वन कक्ष क्रमांक 441 पी. में मक्का की खेती करने के उद्देश्य से एक पॉवरट्रेक ट्रैक्टर को हल जोताई करते हुए जब्त किया गया। यह कार्रवाई वनों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करना अभियान के तहत वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, जिले के वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश में उप वन मण्डलाधिकारी बस्तर आईपी बंजारे के नेतृत्व में की गई।

## बीमारियों से बचने मच्छरदानी का करें उपयोग : पाण्डे

**जगदलपुर।** मच्छरदानी का वितरण सरकार की महती योजना है। इसका उद्देश्य सिर्फ मच्छरदानी का वितरण किया जाना नहीं है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षा व जागरुकता है। मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू जैसे गंभीर बीमारी होते हैं। हमें चाहिए कि हम सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। जिससे कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। उक्त बातें रविवार को विजय वार्ड में आयोजित मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे ने कही। उन्होंने बताया प्रत्येक परिवार में मच्छरदानी का वितरण किया जाना है।

## ग्रामीणों ने कहा कि अफसरों की लापरवाही के कारण होती है दिक्कत

# विधायक निधि से बनने वाले सामुदायिक भवन का काम दो साल बाद भी शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम चाहचाड़ पटेलपारा में विधायक निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य दो वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए साल पहले 5 लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत हुई थी, नींव भी खोदी गई थी, लेकिन 2साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाई, इसलिए ग्रामीणों ने नींव को पाटकर समतल कर दिया है। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ एवं इंजीनियर भी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शुरू कराने कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्राम पटेल जगदीश दुग्गा ने बताया कि वर्ष 2023 में पटेलपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत मिली थी। सरपंच एवं सचिव के द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए नींव खोदकर चले गए। दो साल बाद भी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शुरू कराने सरपंच एवं सचिव पटेलपारा नहीं आए। सामुदायिक भवन निर्माण के लिए खोदे गए नींव गहरा होने के कारण मवेशी, सुअर, बकरी गिरकर घायल हो रहे थे, इसलिए नुकसान होने के चलते नींव को पाट दिये हैं। इंजीनियर और जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ भी एक भी दिन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए पटेलपारा चाहचाड़ नहीं आए। इन्होंने बताया कि 1 लाख 50 हजार रूपए राशि सरपंच सचिव को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के द्वारा जारी हो चुकी है। सरपंच सचिव 1 लाख 50 हजार रूपए राशि को गबन कर लिए या राशि कहाँ है, किसी को पता नहीं है।

विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं होना अच्छी बात नहीं है। राशि जारी होने के बाद भी सरपंच एवं सचिव निर्माण कार्य शुरू नहीं कराये हैं। राशि जारी करने के बाद भी जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ, इंजीनियर निर्माण कार्य शुरू क्यों नहीं करवा रहे हैं। इसकी जांच कराऊंगी।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

